RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 15 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 83 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र कैबिनेट में बड़ा फेरबदल...

## एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार को मिला वित्त मंत्रालय

मुंबई : महाराष्ट्र कैबिनेट में बड़ा फेरबदल करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नए उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को वित्त विभाग सौंपा है। जबकि, छगन भुजबल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, दिलीप वलसे पाटिल को सहकारिता और धनंजय मुंडे को कृषि विभाग आवंटित किया गया है। वहीं, अन्य नेताओं को भी विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

2 जुलाई को एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने पार्टी में विभाजन का नेतृत्व करते हुए सत्तारूढ़ सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। अजित पवार के अलावा छगन भुजबल और हसन मुशरिफ समेत राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने भी शिंदे सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद से कैबिनेट के विस्तार को लेकर खींचतान जारी थी।

हालांकि, अब विभागों के आवंटन पर मुहर लगा दी गई है। राज्यपाल रमेश बैस के हस्ताक्षर के बाद मुख्यमंत्री की अनुमति से विभागों का आवंटन जारी कर दिया गया है।

**अजित पवार उपमुख्यमंत्री वित्त एवं योजना**

संजय बनसोडे खेल

अदिति तटकरे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

हसन मुश्रीफ वैदिक शिक्षा

अनिल पाटिल सहायता पुनर्वास



### शिंदे गुट से NCP को तीन

**विभाग**

**कृषि**

**राहत और पुनर्वास**

**खाद्य एवं औषधि प्रशासन**

दिलीप वलसे पाटिल सहकारिता

धनंजय मुंडे कृषि

छगन भुजबल खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

### BJP की ओर से एनसीपी को छह विभाग दिए गए

**अर्थ**

**सहयोग**

**चिकित्सीय शिक्षा**

**खाद्य नागरिक आपूर्ति**

**खेल**

**महिला एवं बाल कल्याण**

धर्मराव बाबा आत्राम खाद्य एवं औषधि आपूर्ति

### महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान एनसीपी के पास क्या खाते थे?

1. वित्त और योजना
2. घरेलू खाता
3. ग्राम विकास
4. जल संसाधन
5. आवास
6. राज्य उत्पाद शुल्क
7. सामाजिक न्याय
8. सार्वजनिक स्वास्थ्य
9. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति
10. खाद्य एवं औषधि प्रशासन
11. अल्पसंख्यक कार्यकर्ता

# मनपा के वार्ड कार्यालयों में खड़ी होंगी दमकल गाड़िया...

## आग की घटनाओ में तत्तकाल मिलेगी सुविधा



**मुंबई** : झोपड़ पट्टी इलाको सहित मुंबई की घनी बस्तियों में आग की घटनाओं के समय दमकल गाड़िया समय पर नहीं आने से आग फैलने की संभावना बनी रहती है। मनपा प्रशासन ने इसी के चलते मुंबई के 24 वार्ड में से 22 वार्ड कार्यालयों में दमकल गाड़िया खड़ी रखने का निणर्य लिया है। मनपा ने इन दमकल गाड़ियों को क़्विक रिस्पॉस टीम नाम रखा है। क़्वीक रिस्पांस के तहत दमकल बेड़े में चार गाड़ियां शामिल हो चुकी है बकाया 18 गाड़िया जल्द बेड़े में शामिल होने की जानकारी मुख्य दमकल अधिकारी रवींद्र आंबुलगेकर ने दी।

बता दे कि मुंबई में 60 प्रतिशत परिसर झोपड़ पट्टियों से ग्रसित है अथवा घनी बस्तियों से घिरा हुआ है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों , संकरी सड़कों और गलियों, भीड़ भाड़ वाले मार्गों आदि में किसी तरह की घटना होने पर दमकल गाड़िया पहुंचने में आपातकालीन स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं. दमकल विभाग ने ऐसी स्थिति से निपटने के लिए क़्विक रिस्पॉन्स के तहत दमकल गाड़िया उपलब्ध करने का निणर्य लिया। मनपा प्रशासन ने मनपा के डी वार्ड और ई वार्ड को छोड़कर अन्य 22 वार्डो में क़्विक रिस्पॉन्स के तहत दमकल गाड़ियां खड़ी करने का निणर्य लिया। मनपा के डी वार्ड और ई वार्ड के पास दमकल का केंद्र होने से इन स्थानों पर क़्विक रिस्पॉन्स की जरूरत नहीं होगी।

# मुंबईकरों के लिए खुशखबरी!

## 7.5 लाख बिजली उपभोक्ताओं को देना होगा कम बिल: टाटा पावर

**मुंबई** : बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर ने शुक्रवार को कहा कि विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) के अंतरिम आदेश के बाद मुंबई में उसके 7.5 लाख उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में कटौती हो जाएगी। महाराष्ट्र बिजली नियामकीय आयोग (एमईआरसी) ने बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मार्च में मंजूरी दी थी।



इसके खिलाफ टाटा पावर ने एपीटीईएल में अपील की थी। वहां से एमईआरसी के फैसले पर स्थगन आदेश दे दिया गया है। टाटा पावर ने एक बयान में कहा, एपीटीईएल के आज पारित आदेश में एमईआरसी के बिजली दरें बढ़ाने के फैसले पर रोक लगा दी गई है। इस स्थिति में कंपनी की तरफ से 31 मार्च, 2020 को सुझाई गई दरें ही एक बार फिर लागू हो गई हैं। कंपनी के मुताबिक, यह शुल्क मौजूदा बिजली दरों की तुलना में 25-35 प्रतिशत तक कम है और इससे मुंबई के करीब 7.5 लाख उपभोक्ताओं को फायदा होगा। टाटा पावर के अध्यक्ष (पारेषण एवं वितरण) संजय बंगा ने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि अपीलीय न्यायाधिकरण से मिली राहत का लाभ अपने उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### दोस्ती और मजबूत होगी...!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर फ्रांस में हैं। आज बैस्टील डे परेड प्रोग्राम में वह गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर शामिल होंगे। यह यात्रा इस लिहाज से भी महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों का यह 25वां साल है। द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में यह बात याद की जा सकती है कि फ्रांस ने भारत को उस समय समर्थन दिया था, जब उसे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर प्रतिबंध लगाए जाने का फ्रांस ने विरोध किया था। इस पॉजिटिव पॉइंट से दोनों देशों के रक्षा संबंध आगे ही बढ़ते गए। फ्रांस भारतीय सेना को आधुनिक लड़ाकू जेट और पनडुब्बियों जैसे महत्वपूर्ण साजो-सामान की आपूर्ति करता रहा। 2018 से 2022 के बीच फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा डिफेंस सप्लायर बन गया। आज की तारीख में देश के कुल रक्षा आयात का 29 फीसदी फ्रांस से ही होता है। पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा इस मायने में अहम मानी जा रही है कि इसमें 26 राफेल मरीन फाइटर जेट्स और तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद का समझौता हो सकता है। अगर यह हो जाता है तो भारत को सैन्य हथियारों के मामले में उस अनिश्चितता से उबरने में आसानी होगी, जो यूक्रेन युद्ध के चलते रूसी डिफेंस सप्लाई में आई बाधाओं के चलते पैदा हुई है।

इसके अलावा भारत और फ्रांस के रिश्तों का एक और अहम पहलू यह है कि भू-राजनीति के हाल के दिनों में बदलते समीकरण भी इन दोनों देशों को करीब ला रहे हैं। कई वजहों से ट्रांस अटलांटिक अलायंस सिस्टम में फ्रांस कुछ अलग-थलग पड़ा दिख रहा है। उदाहरण के लिए, 2021 में बने ऑकस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका) का जिक्र किया जा सकता है, जिससे फ्रांस को बाहर रखा गया। फ्रांस इसका जवाब भारत जैसे देशों से अपनी करीबी बढ़ाने की कोशिशों के रूप में दे रहा है। यह स्थिति भारत के अनुकूल है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके साथ तालमेल बढ़ाना चाहता है। बढ़ाए भी क्यों ना। आखिर दोनों देश इस क्षेत्र में वर्चस्वादी चीन के खिलाफ हैं। लेकिन फिर भी दोनों देशों के रिश्तों का सबसे अहम पक्ष व्यापारिक गतिविधियों का ही है। इसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा संभावनाएं भी हैं। हालांकि इस क्षेत्र में भी प्रगति हुई है लेकिन इसके बावजूद 2022-23 में दोनों देशों के बीच का व्यापार महज 12.56 अरब डॉलर का रहा। जानकारों के मुताबिक यह काफी कम है और थोड़े प्रयासों से भी इसमें अच्छा-खासा इजाफा हो सकता है। इसलिए दोनों पक्षों को अब भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच जल्द से जल्द मुक्त व्यापार समझौता करने की दिशा में प्रयास तेज करने पर ध्यान देना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पीएम आवास योजना में बदलाव...

## हजारों मुंबईकरों के लिए खुशखबरी, अपना घर खरीदने का सपना होगा साकार

**मुंबईः** मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) में अपना पहला घर लेने की योजना बना रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। सालाना 6 लाख रुपये की आमदनी वाले परिवार भी अब प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठा सकेंगे। मुंबई समेत करीब के परिसर में रहने वाले लाखों परिवारों को केंद्र सरकार की योजना का लाभ पहुंचाने के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। अब तक इस योजना का लाभ केवल सालाना 3 लाख रुपये की आय वाले व्यक्ति को ही मिलता था। राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार ने केवल एमएमआर के लिए आवास योजना के नियमों में बदलाव किया है, जबकि एमएमआर को छोड़ देश के अन्य हिस्सों में प्रधानमंत्री



आवास योजना का 3 लाख रुपये का ही नियम लागू रहेगा।

**म्हाडा और सिडको को भी लाभ**

आय की सीमा बढ़ाने का लाभ म्हाडा और सिडको की लॉटरी में अत्यल्प वर्ग से भाग लेने वाले आवेदकों को मिलेगा। म्हाडा प्रवक्ता के अनुसार, अत्यल्प वर्ग की श्रेणी से लॉटरी में भाग लेने के लिए आवेदक की सालाना आय 6 लाख रुपये होनी चाहिए, लेकिन आवास योजना के तहत आय की सीमा 3 लाख रुपये होने के कारण अत्यल्प वर्ग को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था। हालांकि, इसका लाभ वर्तमान में चल रही लॉटरी में नहीं होगा।

**ऐसे होगा फायदा**

3 लाख रुपये तक की सालाना आमदनी होने के चलते तमाम लोग इस योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। मुंबई और आसपास के इलाकों में घरों की कीमतें काफी ज्यादा हैं। सातवां वेतन आयोग लागू होने के बाद डी वर्ग के कर्मचारियों की भी आय 3 लाख रुपये से ज्यादा हो गई है। ऐसे में, नियमों में बदलाव का फायदा बड़ी संख्या में घर खरीदारों को होगा। यह रकम मिड साइज का घर खरीदने वालों के लिए एक इन्सेंटिव की तरह है। इससे अफोर्डेबल हाउसिंग को बढ़ावा मिलेगा और रियल इस्टेट का सर्कल तेजी से घूमेगा। मुंबई महानगर और आसपास की स्थिति में इस बदलाव के संभावित फायदे को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार इसे लेकर काफी समय से केंद्र सरकार से बातचीत कर रही थी। गृह निर्माण मंत्री देवेंद्र फडणवीस इस मुद्दे पर हाउसिंग मंत्री हरदीप सिंह पुरी के संपर्क में थे।

# शिवसेना-बीजेपी कैबिनेट में अजित पवार होंगे पावरफुल?

## मिलेगा ये मंत्रालय, सीएम शिंदे और फडणवीस को झटका

**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र सरकार में एनसीपी के अजित पवार गुट की एंट्री के बाद सीएम एकनाथ शिंदे एक बार फिर से कमजोर पड़ते दिख रहे हैं. बताया जा रहा है की अजित पवार को वित्त मंत्रालय मिल सकता है. इसके अलावा उनके समर्थक मंत्रियों को ऊर्जा मंत्रालय जैसे अन्य विभाग मिल सकते हैं. यदि ऐसा होता है तो फिर एकनाथ शिंदे गुट के लिए यह झटके की तरह होगा, जो अजित पवार को वित्त मंत्रालय देने का विरोध करता रहा है. इसकी वजह यह है कि शिवसेना से बगावत के दौरान एकनाथ शिंदे गुट ने अजित पवार वाले वित्त मंत्रालय को भी वजह बताया था. शिंदे गुट का कहना था कि अजित पवार एनसीपी विधायकों के इलाकों के लिए ही फंड देते हैं.



**बीजेपी क्या समझाने की कोशिश कर रही है?**

अजित पवार ने बीजेपी लीडरशिप से मांग की है कि उन्हें वित्त मंत्रालय दे दिया जाए. इसका उनके पास अनुभव है, लेकिन वह होम मिनिस्ट्री और शहरी विकास मंत्रालय नहीं चाहते. एकनाथ शिंदे गुट इसका विरोध कर रहे हैं , लेकिन बीजेपी यह समझाने की कोशिश कर रही है कि उसने अपने हिस्से के मंत्रालय ही उसे दिए हैं. शिंदे गुट के सूत्रों का कहना है कि कुल 22 विधायक नाराज चल रहे हैं. यही नहीं कई विधायक तो वापस उद्धव ठाकरे खेमे में जाने का भी प्लान बना रहे हैं.

यदि ऐसा होता है, तो एनसीपी को महत्वपूर्ण वित्त विभाग का आवंटन अजित पवार के लिए एक बड़ी जीत होगी, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के साथ अपनी बैठकों के दौरान अपनी पार्टी के मंत्रियों के लिए महत्वपूर्ण विभागों की पैरवी कर रहे हैं. इससे बीजेपी विधायकों को बड़ा झटका भी लग सकता है. अजित पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट के सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने के बाद से फड़णवीस और शिंदे खेमे के विधायकों के बीच असंतोष की सुगबुगाहट तेज हो गई है.

# गड्ढे में गिरने के कारण चेन झपटमार जेल पहुंचे...



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में सड़क में बने गड्ढे के कारण हुई दुर्घटना ने दो चेन झपटमारों को जेल पहुंचा दिया। मानिकपुर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक संपतराव पाटिल ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने 30 जून की रात वसई रेलवे स्टेशन के पास से एक महिला की चेन झपट ली थी। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि जब बदमाश भाग रहे थे तो वे मोटरसाइकिल समेत एक गड्ढे में गिर गए। हालांकि, उस समय वह भाग निकलने में कामयाब रहे। पाटिल ने बताया कि जिस तरह वह गड्ढे में गिरे उससे जाहिर था कि उन्हें गंभीर चोटें आई होंगी। इसीलिए उन्हें इलाके के अस्पतालों में तलाश किया गया।


# बोरीवली आरपीएफ ने दो मोबाइल चोरों को पकड़कर किया

## मोबाइल चोरी के कई मामलों का खुलासा...




**मुंबई :** आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल ) ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। दरअसल,आरपीएफ बोरीवली व नालासोपारा द्वारा मोबाइल चोरी की 4 गुत्थी सुलझाने में कामयाबी पाई है। इस मामले में दो शातिर चोर पकड़े व उन्हें जीआरपी ( बोरीवली व वसई) के हवाले किया है।मिली जानकारी के अनुसार,अलगअलग दिनांक को कांदीवली स्टेशन पर 3 मोबाईल ( 45,884 ) चोरी की घटना हुई थी,सभी मामले जीआरपी बोरीवली में दर्ज किया गया था। उपरोक्त मामला संज्ञान में आया तो आरपीएफ/बोरीवली की सी.पी.डी.एस टीम ने उक्त चोरी के मामलों के फुटेज की जांच की और सभी फुटेज में एक ही संदिग्ध की पहचान की,बाद में सी.पी.डी.एस टीम को कांदीवली स्टेशन से सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने का निर्देश दिया। जिसके बाद को संदिग्ध व्यक्ति को बताया गया। इसी के आधार पर सीपीडीएस टीम सी. टी रवि बर्मन,सी.टी हरिशंकर,सी.टी रवि कुंतल,सी.टी कमलेश स्वामी और विनोद कुमार ने कांदीवली स्टेशन से शख्स को पकड़ा और उसे चौकी पर लाया गया। जहां उसने अपना नाम बासु भीमराव गोपांडे,उम्र 26 वर्ष निवासी-दामोनगर कांदिवली पूर्व बताया और चोरी की वारदातों का गुनाह कबूल कर लिया। उपरोक्त सभी मामलों में जीआरपी बोरीवली के 3 चोरी मामलों के सीसीटीवी फुटेज में शामिल पाया,जिसे जीआरपी बोरीवली को सौप दिया गया। दूसरी घटना ; 26 मई को नालासोपारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 1 पर मोबाइल चोरी की घटना घटी थी, आरपीएफ सी.पी. डी. एस टीम नालासोपारा द्वारा लगातार निगरानी की गई,परिणाम 13 जुलाई को एस.आई.पी.एफ सुभाष चंद्र यादव,सी. टी करिश्मा सैनी,सी.टी संदीप कुमार और ड्यूटी स्टाफ सी.टी सरजीत सिंह और सीटी अर्जुन लाल द्वारा नालासोपारा स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर 2 से एक संदिग्ध को पकड़ा,एसआईपीएफ सुभाष चंद्र यादव द्वारा उससे पूछताछ की गई, जहां उसने अपना नाम-विजय प्रसाद कावले,उम्र 28 वर्ष निवासी-साईं नाथ नगर विरार पूर्व बताया व मोबाइल (9000) चोरी का जुर्म कबूल कर लिया।आगे की कार्रवाई के लिए उसे जीआरपी वसई के हवाले कर दिया है।

# 200 से अधिक एक्सप्रेस ट्रेनों में स्मोक डिटेक्शन सिस्टम



**मुंबई :** भविष्य में लंबी दूरी की ट्रेनों में किसी भी दुर्घटना या आग को रोकने के लिए सेंट्रल रेलवे ने अपनी २०० से अधिक एक्सप्रेस ट्रेनों में स्मोक डिटेक्शन सिस्टम लगाया है। हालांकि, लोकल ट्रेनों को अभी भी इस सुविधा से वंचित रखा गया है। ऐसे में अगर कोच बोगी में धुआं होगा तो भी तुरंत गार्ड को अलर्ट भेज दिया जाएगा। परिणामस्वरूप रेलवे के रनिंग कोच में आग लगने से होने वाली जन-धन की हानि को आसानी से टाला जा सकता है। अब देखना ये है कि इस सिस्टम से सच में रेल यात्रियों का सफर सुरक्षित होगा। मध्य रेलवे के बेड़े में बहुत सारी लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें हैं। अभी तक इसमें स्मोक डिटेक्शन सिस्टम नहीं था। इसकी वजह से अगर किसी कोच में आग लगती थी तो गार्ड या लोको पायलट को समय पर जानकारी नहीं मिल पाती थी। चार दिन पहले तेलंगाना में रेलवे के तीन डिब्बों में भयानक आग लग गई थी। मध्य रेलवे ने आग की ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिए २०४ गैर-एसी ट्रेनों में स्मोक डिटेक्टर सिस्टम स्थापित किया है। साथ ही एयर कंडीशनिंग सिस्टम वाली २४ बोगी और १३७ पावर कोटों में भी यह सिस्टम लगाया गया है। यही वजह है कि लंबी दूरी की ट्रेनों में प्राथमिकता के आधार पर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है और जल्द ही बाकी ट्रेनों में भी यही सिस्टम लगाया जाएगा।

# महाराष्ट्र की जेलों में बंद विदेशी कैदी अब कर सकेंगे अपने घरवालों से बात,

## शुरू हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा



महाराष्ट्र की जेलों में बंद विदेशी कैदियों के लिए वीडियो कॉल की सुविधा अब उपलब्ध है. गुरुवार (13 जुलाई) को पहली बार आर्थर रोड जेल में बंद किसी विदेशी बंदी ने उसके परिजनों से ढ्ढ१२ड्ढल्ल२ सिस्टम के जरिए बातचीत की. ये बात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई. ई प्रिजन सिस्टम के तहत दो सप्ताह में एक बार पंद्रह मिनट तक वीडियो कॉल पर बात करने की अनुमति दी जाएगी. केंद्र सरकार की ओर से विकसित ई-प्रिजन प्रणाली एनआईसी के माध्यम से इन कैदियों के घर वालो से संपर्क किया गया. आज की तारीख में राज्य की विभिन्न जेलों में 637 विदेशी कैदी दर्ज हैं. राज्य भर की जेलों में अलग-अलग अपराधों में गिरफ्तार नाइजीरिया, बांग्लादेश, केन्या, कोलंबिया, ईरान, इराक, ब्रिटेन, ग्रीस, गिनी, घाना, ब्राजील, थाईलैंड, युगांडा, चीन, पाकिस्तान, नेपाल जैसे देशों के नागरिक बंद हैं. खासकर मुंबई, नवी मुंबई और अन्य महानगरों की जेलों में विदेशी कैदियों की संख्या सबसे अधिक है. फिलहाल, महाराष्ट्र राज्य के सभी जेल प्रमुखों को विदेशी कैदियों के लिए शुरू की गई इस सुविधा की सूचना दे दी गई है. इस मामले पर जेल विभाग के एक अधिकारी का कहना है, ह्लविदेशी कैदियों के रिश्तेदार या वकील व्यक्तिगत रूप से मिलने और साक्षात्कार के लिए नहीं आ सकते हैं, इसलिए विदेशी कैदियों के लिए कानूनी सहायता प्राप्त करना और जेल से रिहा होना मुश्किल हो जाता है.ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लइससे विदेशी कैदियों में नाराजगी बढ़ने लगती है, इसलिए जेल प्रशासन को इन कैदियों पर लगातार नजर रखनी पड़ती है.

# विरार में 52 जुआरियों पर हुई कार्रवाई



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत विरार पुलिस ने जुआर के अड्डे पर छापा मारकरके कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि इस वर्ष की सबसे बडी जुआरियों पर कार्रवाई की गयी है,जिसमे 52 लोगो पर केस दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार,परिमंडल 3 डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में विरार पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कांबले के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी - कर्मचारी द्वारा चोररगे वाड़ी,वर्तक रोड,विरार पश्चिम स्थित जुआर के अड्डे पर रेड की। आरोपियों पर विरार थाने में मुंबई जुआर कलम 4,5 सह कलम 283,188,34 के तहत केस दर्ज किया गया है। आगे की तहकीकात पुलिस कर रही है।

# वसई में 3 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच युनिट 3 विरार द्वारा नालासोपारा पूर्व इलाके से एक शख्स के पास से 3 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई क्राइम के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में क्राइम ब्रांच युनिट 3 विरार ने की है। मिली जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच युनिट 3 विरार ने गुप्त सूचना के आधार पर नालासोपारा पूर्व,पेल्हार ब्रिज के पास,जाबरपाडा की तरफ जाने सड़क स्थित एक 23 वर्षीय शख्स को गांजा के साथ पकड़ा,पुलिस ने बताया उमेश विश्वकर्मा (23) के पास से 3 किलो गांजा बरामद किया गया है,जिसकी कुल कीमत 90,000 रुपये आकी गयी है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही क्राइम युनिट 3 में कार्यरत सुनील पाटिल की शिकायत पर पेल्हार थाने में आरोपी विश्वकर्मा के ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# एक मोटर साईकिल में आग लगने से 6 बाईक जलकर खाक...



**वसई :** वसई विरार शहर में वाहनों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। बुधवार आधी रात को वसई में एक इमारत के परिसर में खड़ी 6 बाइक में आग लग गई इस आग में सभी बाइकें जल गईं हैं। पिछले 15 दिनों में वसई में वाहन में आग लगने की यह दूसरी घटना है।मिली जानकारी के अनुसार वसई के पश्चिम में सौ फुट रोड पर न्यू सिद्धांत नाम की एक इमारत है। इस इमारत के निवासियों ने इमारत के परिसर में बाइकें खड़ी कर दी थीं। बुधवार आधी रात दोपहिया वाहन में अचानक आग लग गई।

# मुंबई यूनिवर्सिटी के पीजी विभाग में प्रोफेसरों के 61 फीसदी पद रिक्त!



**मुंबई :** मुंबई यूनिवर्सिटी के पीजी विभाग में प्रोफेसरों के ६१ फीसदी से अधिक पद खाली पड़े हुए हैं। एमयू द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर सहित स्वीकृत ३६८ में से केवल १४२ पद ही भरे गए हैं। इसमें प्रोफेसर पद की सबसे अधिक रिक्तियां हैं। यूनिवर्सिटी के पीजी विभाग में कुल ८७ स्वीकृत पद हैं, जबकि केवल १५ प्रोफेसर ही छात्रों के भविष्य को संवारने का काम कर रहे हैं। बताया गया है कि गुजराती भाषा विभाग को छोड़कर सभी ३४ विभागों में प्रोफेसर के लिए कम से कम एक पद है। साथ ही यह भी बताया गया है कि २२ विभाग ऐसे हैं, जिसमें एक भी पूर्णकालिक प्रोफेसर नहीं हैं। दूसरी तरफ एसोसिएट प्रोफेसरों के लिए १२१ दों में से केवल ४० पद भरे हुए हैं। इसी तरह सहायक प्रोफेसरों के १६० पदों में से केवल ७३ पदों पर नियुक्तयां हुई हैं।

रिक्तियों के कारण विशेषज्ञता के क्षेत्र से बाहर के कई विषयों को पढ़ाने के लिए प्रोफेसरों को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा उनका अधिकांश समय मास्टर के छात्रों को पढ़ाने में व्यतीत होता है। ऐसे में एमफिल और पीएचडी छात्रों के लिए बहुत कम समय बचता है। एक शिक्षक ने कहा कि साल २०१० से पहले लगभग ८-९ नियमित संकाय सदस्य हुआ करते थे, जो अब घटकर मात्र पांच रह गए हैं।

# एसबीआई के 12 हजार से अधिक कर्मचारियों से जुड़े गोपनीय रिकॉर्ड टेलीग्राम चैनलों पर लीक

**मुंबई :** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के १२ हजार से अधिक कर्मचारियों से जुड़े गोपनीय रिकॉर्ड टेलीग्राम चैनलों पर लीक हो गए हैं। इस घटना ने दुनिया के सबसे अधिक आबादीवाले देश में बैंकिंग नेटवर्क की डिजिटल सुरक्षा की खतरनाक स्थिति को उजागर कर दिया है। लीक हुए डेटा में एसबीआई पासबुक, आधार कार्ड, वोटर कार्ड और पैन कार्ड के स्क्रीनशॉट सहित संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी शामिल है। डेटा उल्लंघन के इस मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब शुक्रवार ८ जुलाई को 'गूं हैंडल वाले एक टेलीग्राम चैनल ने १२,००० से अधिक एसबीआई कर्मियों की व्यक्तिगत जानकारी वाली एक फाइल पोस्ट की।

लिखा है,



इस फाइल में कर्मचारियों के नाम, पते, संपर्क नंबर, पैन नंबर, खाता संख्या और फोटो आईडी सबकी जानकारी शामिल थी। चैनल के बायो में लिखा है, 'अराजकता पैष्ठलाओ साथियों!' और फाइल का शीर्षक था एसबीआई कर्मचारी डेटा डंप। जिस समय यह डेटा लीक किया गया, उस समय चैनल के केवल ६०८ सब्सक्राइबर थे, लेकिन फाइल जैसे ही टेलीग्राम चैनल पर डाली गई, वैसे ही इसे तुरंत अन्य टेलीग्राम चैनलों और सोशल मीडिया पर साझा किया जाने लगा।

यही नहीं, १२,००० से अधिक एसबीआई कर्मचारियों का डेटा लीक करनेवाले ने लाखों उपभोक्ताओं के वित्तीय विवरण तक पहुंच होने का भी दावा किया है। हैकर ने अपने दावे को सच साबित करने के लिए सार्वजनिक रूप से सुलभ फोरम पर एसबीआई खाते की शेष राशि और हाल के लेन-देन के स्क्रीनशॉट भी पोस्ट किए हैं। स्क्रीनशॉट से साफ पता चलता है कि धमकी देनेवाले के पास खाता संख्या, पिन और लेन-देन का इतिहास सहित कई प्रकार की वित्तीय जानकारी तक पहुंच है। लीक हुए डेटा को डार्क वेब प्लेटफॉर्म पर बिक्री के लिए भी रखा गया था।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि हैकर्स किसी सक्रिय/निष्क्रिय कमजोरियों का फायदा उठाकर रैनसमवेयर का उपयोग करके किसी सक्रिय बुनियादी ढांचे पर हमला करते हैं। उन्होंने कहा इसमें कोई शक नहीं कि बैंकिंग क्षेत्र ऐसे लोगों के लगातार निशाने पर है। इसी वजह से ग्राहकों और कर्मचारियों का संवेदनशील डेटा लीक हो रहा है। इसकी वजह से बैंक की गोपनीयता और प्रतिष्ठा को नुकसान हो रहा है। पिछले अनुभवों में सामने आया है कि बैंकों का डेटा अनजाने में इंडेक्सेबल प्लेटफॉर्म पर उजागर हो गया, जिससे वह ऐसे लोगों तक आसानी से पहुंच गया।

# घट रही है यात्रियों की संख्या, सात सौ करोड़ रुपए का घाटा!



**मुंबई :** बेस्ट प्रशासन की तरफ से यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने और 'बेस्ट' को मुनाफे में लाने के उद्देश्य से निजी कंपनियों से कॉन्ट्रैक्ट पर बसें ली गई हैं। लेकिन इससे प्रशासन को मुनाफे की बजाय लगभग सात सौ करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है, ऐसा आरोप लगाते हुए बेस्ट कामगार सेना के अध्यक्ष सुहास सामंत ने इस पैष्ठसले पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट के बदले बेस्ट के स्वामित्व वाली बसों की संख्या बढ़ाई जाए। इसके अलावा दैनिक यात्रियों की संख्या वैष्ठसे बढ़े, इस पर भी विचार करने की जरूरत है।

इसलिए घट रही है यात्रियों की संख्या बेस्ट कामगार सेना के अध्यक्ष सुहास सामंत ने आरोप लगाया कि पुरानी बसों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। बेस्ट के स्वामित्व वाली बसों की संख्या ४,३०० से घटकर सीधे १,६१४ तक पहुंच गई है। साथ ही दिनों-दिन यात्रियों की संख्या भी ४५ लाख से घटकर ३५ लाख तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि जून २०१९ में तत्कालीन यूनियन और प्रशासन के बीच हुए अनुबंध के अनुसार, ७,७०० निजी बसों को चलने की अनुमति दी गई थी, जबकि बेस्ट के स्वामित्व वाली बसों की संख्या ३,३३७ निश्चित की गई थी। लेकिन स्वामित्व वाली बसों की संख्या लगातार घट रही है, यह भविष्य के लिए नुकसानदेह है। आगे आरोप लगाते हुए सामंत कहते हैं कि कॉन्ट्रैक्ट पर आई बसों में आग लगने और खराब होने के कई मामले सामने आए हैं। इस वजह से से अब यात्री इन बसों में बैठने से कतरा रहे हैं, जबकि कॉन्ट्रैक्ट वाली कंपनियां प्रति घंटे अपना पूरा पैसा वसूल रही हैं। यात्रियों की संख्या घटे या बढ़े इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है, यही कारण है कि बेस्ट का रेवेन्यू कम होकर खर्च कई गुना बढ़ गया है।

बेस्ट कामगार सेना के अनुसार, समय-सीमा का पालन नहीं करने वाले ठेकेदारों के साथ सख्ती से निपटने की आवश्यकता है। दुर्घटनाओं और आग को रोकने के लिए डिपो पर रख-रखाव सुनिश्चित करना भी जरूरी है। ऐसे में इन बसों में ज्यादा यात्री सफर नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा यात्रियों को देरी से आनेवाली बसों के लिए लंबी कतारों में खड़े होकर इंतजार करना पड़ता है, जिससे कई यात्री दूसरा विकल्प तलाशते हैं।

# महाराष्ट्र की मौजूदा सियासी हलचल पर राज ठाकरे का बड़ा बयान...

## बोले- 'अगर मुझे समझौता करना पड़ा...'



**महाराष्ट्रः** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य में बदलती राजनीति और आगामी चुनावों की पृष्ठभूमि में एक बड़ा बयान दिया है. साथ ही उनकी राजनीतिक दिशा क्या होगी यह भी सुझाया गया है. वह दो दिवसीय कोंकण दौरे पर थे और गुरुवार (13 जुलाई) को रत्नागिरी के चिपालू में पदाधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे. राज ठाकरे ने कहा, ''हम अपने विचार लोगों तक पहुंचाने के लिए क्यों कह रहे हैं?'' पदाधिकारियों के लिए जरूरी है कि वे एक-दूसरे से अपने पद के अनुसार बात करने के बजाय दिल से बात करें. चिपलून में शाखा का उद्घाटन किया गया. अविनाश जाधव, संदीप देशपांडे, नितिन सरदेसाई सभी यहां आए. कड़ी मेहनत शुरू हो गई है.''

**राज ठाकरे का बड़ा बयान**

राज ठाकरे ने अपने एक बयान में कहा, ''एक पद पर बैठने के बाद काम करना चाहिए. आपको वही करना होगा जो पार्टी आपसे कहेगी, अन्यथा आप पद पर नहीं रह सकते. अगर मुझे समझौता करना पड़ा तो मैं घर पर ही रहूंगा, समझौता नहीं करूंगी.' राज्य में जो व्यभिचार चल रहा है, मैं ऐसा नहीं करूंगा.''

**''लोकसभा चुनाव क्यों लड़ें?''**

राज ठाकरे ने पदाधिकारियों से यह भी पूछा कि उन्हें लोकसभा चुनाव क्यों लड़ना चाहिए. मौजूदा हालात पर बात करते हुए राज ठाकरे ने कहा, ''मैं 15 दिनों में एक बैठक करने जा रहा हूं. मैं वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करूंगा. मैं सभा के माध्यम से अपना गुस्सा प्रकट करने जा रहा हूं. एनसीपी में बगावत के बाद अजित पवार ने पार्टी पर दावा भी ठोक दिया है. इसका जवाब भी शरद पवार ने दिया है. पार्टी की लड़ाई अब सत्ता की लड़ाई बन चुकी है. महाराष्ट्र में अजित पवार के डिप्टी सीएम पद की शपथ के बाद उनके साथ कई विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली है लेकिन अभी तक किसी को कोई विभाग नहीं मिला है. जिसपर महाराष्ट्र में हर दिन राजनीति हो रही है.



# SRA के अटके 517 प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए समिति



**मुंबईः** बीते कई सालों से अटके हुए झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस कार्य के लिए सरकार ने एक समिति का गठन किया है। कुल 517 पुनर्विकास प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए यह पहल की गई है। इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर जारी किया जाएगा और डेवलपर की नियुक्ति की जाएगी। 90 डेवलपर्स की सूची भी तैयार कर ली गई है।

वहीं, 31 फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन ने अभय योजना के तहत पुनर्विकास योजना को फाइनेंशियल सहायता प्रदान करने की पहल की है। डेवलपर्स और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन द्वारा टेंडर के चयन के लिए समिति का गठन किया गया है। सरकार द्वारा नियुक्त की गई समिति टेंडर प्रोसेस की जांच करेगी। इस प्रकार स्लम पुनर्विकास प्राधिकरण (एसआरए) प्रस्तुत प्रस्ताव पर निर्णय लेगा। इस समिति में एसआरए के सीईओ, शिवशाही पुनर्वसन प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक और गृहनिर्माण विभाग के उपसचिव को शामिल किया गया है। ऐसे 30 बिल्डरों का पैनल भी तैयार किया है जो अपना इनपुट्स प्राधिकरण को देंगे। माना जा रहा है कि सरकार के इस कदम से अटके हुए प्रोजेक्ट्स के काम आगे बढ़ेंगे और कम से कम 517 झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्रोजेक्ट के काम शुरू होने से 50,000 झोपड़पट्टी के रहिवासियों को राहत मिलेगी। इनमें से कई ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं जिन्हें बिल्डरों ने किराया देना बंद कर दिया है और उन्हें रहने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

# उद्धव ने बालासाहेब, पीएम मोदी के नाम पर मांगे वोट...

## फिर..., सीएम शिंदे ने ठाकरे पर बोला हमला



**मुंबईः** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने बीजेपी के साथ ''स्वाभाविक गठबंधन'' को छोड़ दिया और चुनाव जीतने के लिए बाल ठाकरे और नरेंद्र मोदी के नामों का दुरुपयोग किया.

शिंदे ने कहा, ''उन्होंने अपनी तस्वीरें रखकर वोट मांगे और फिर कांग्रेस में शामिल होकर उन्हें धोखा दिया. उन्होंने मतदाताओं को छोड़ दिया और सत्ता की लालसा में लोगों के जनादेश का दुरुपयोग किया.

### शिंदे ने पूछा ये सवाल

असली गद्दार कौन हैं? सिर्फ इसलिए कि हम नीचे नहीं झुकते, इसका मतलब यह नहीं है कि हम बोलेंगे नहीं. अगर हम बोलना शुरू करेंगे तो उनके पास चेहरा दिखाने की जगह नहीं बचेगी.''


### गठबंधन पर कही ये बात

शिंदे ने कहा कि बीजेपी ने गठबंधन में ईमानदारी दिखाई और 2017 में बीएमसी चुनावों में शिवसेना को निर्विरोध सत्ता संभालने की अनुमति दी. उन्होंने कहा, ''अगर बीजेपी चाहती तो वह बीएमसी पर दावा कर सकती थी क्योंकि उनके पास पर्याप्त संख्या थी, लेकिन देवेंद्र फडणवीस ने अपनी ताकत दिखाई. अपनी सरकार के एक साल पूरे होने पर शिंदे ने कहा कि जिस गति से काम हो रहा है, वह पहले कभी नहीं देखा गया. ''जो लोग केवल घर पर बैठे हैं, उन्हें कभी पता नहीं चलेगा कि 'शासन अपल्या दारी' (आपके दरवाजे पर सरकार) का क्या मतलब है. शिंदे ने कहा, पिछली सरकार के ढाई साल में कोई निर्णय नहीं लिये गये. हमारी गति बढ़ाने के लिए, अब हमारे साथ अजित पवार भी हैं.'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार को लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है और अब 200 से अधिक विधायकों का समर्थन प्राप्त है.

### एकनाथ शिंदे का उद्धव पर निशाना

**शिंदे ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों को ''सिर्फ सत्ता के लिए कुचल दिया गया''. उन्होंने कहा, ''अनुच्छेद 370 को खत्म करने का बालासाहेब ठाकरे का सपना पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरा किया और आपने उन्हें धोखा दिया. हम बाल ठाकरे और धर्मवीर आनंद दिघे के आदर्शों को बनाए रखने के लिए सत्ता से बाहर हुए.'' शिंदे ने कहा, ''बालासाहेब के आदर्शों को जीवित रखना हमारे जीवन का एकमात्र उद्देश्य है.'' उन्होंने आगे कहा कि सरकार की पहुंच कई लोगों को पच नहीं रही है. ''वर्षा (सीएम का आधिकारिक आवास) के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले हैं. पहले ऐसा नहीं था. वहां कर्फ्यू जैसी स्थिति थी. अब लोगों को लगता है कि उनकी बात सुनी जाती है और उन्हें आश्वासन मिलता है कि उनका काम पूरा हो जाएगा.''**

# समुद्र तटों की सुरक्षा को चौकस बनाने के लिए ड्रोन लाइफ गार्ड!



**मुंबई :** सुमद्र तटों की सुरक्षा के लिए मनपा की ओर से किए जा रहे इंतजाम पर भी सवाल उठने लगे हैं। रोजाना मुंबई में गिरगांव, जुहू, वसोर्वा, मालाड के पास समुद्र तटों पर लाखों लोग रोजाना घूमने जाते हैं। त्योहारों में तो यह संख्या १० गुना बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों की सुरक्षा के लिए मनपा पर भी दबाव बढ़ जाता है। ऐसे में समुद्र तटों की सुरक्षा को चौकस बनाने के लिए ड्रोन प्रणाली को समुद्र तटों पर सुरक्षा सेवा से जोड़ने की पहल की गई है।

मनपा जुहू बीच पर डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए एक रिमोट से संचालित ड्रोन लाइफगार्ड का परीक्षण कर रही है। इसका उद्देश्य समुद्र में दो किलोमीटर दूर तक संकट में फंसे लोगों को बचाना है। यह मशीन बचाव कार्यों में सहायक उपकरण के रूप में काम करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, ३० सेकंड में ६० मीटर की दूरी तय कर सकती है। इसके लिए मनपा के वेस्ट वॉर्ड के सहायक आयुक्त पृथ्वीराज चौहान ने इसके अलावा अन्य सुरक्षा उपकरणों का जायजा भी लिया।

मनपा अधिकारी के अनुसार, यह ड्रोन डूबने से रोकने के लिए पीड़ितों को बचाव सामग्री और रस्सियां प्रदान करेगा। मात्र कुछ सेकंड से ड्रोन में पीड़ित का पता लगाया जा सकेगा। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने ड्रोन का डेमो लिया है। जुहू चौपाटी सात से आठ किलोमीटर लंबा है, यहां मैनपावर बढ़ाया गया है। एक जेटी और वॉच टावर को सेवा में जोड़ने की योजना है।

स्थानीय लोगों ने मनपा अधिकारी को पत्र लिखकर सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में जुहू बीच पर सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के तरीके सुझाए गए हैं। इनमें से एक जुहू कोलीवाड़ा छोर से मोरागांव छोर तक समुद्र तट पर लाइफगार्ड की संख्या को दोगुना करने का सुझाव है। फिलहाल, यहां तीन लाइफगार्ड और २० वालंटियर लाइफगार्ड प्रतिदिन दो शिफ्टों में तैनात रहते हैं।

# ट्रैफिक पुलिस वसूली कर रही है!

**पालघर :** ट्रैफिक पुलिस की वसूली से आहत भाजपा के जिला संगठन महामंत्री संतोष जनाठे के एक ट्वीट से हड़कंप मच गया है। जनाठे ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को ट्वीट कर दावा किया कि ट्रैफिक पुलिस जिले भर के सभी नाकों पर वसूली कर रही हैं और उन्हें ट्रैफिक पुलिस के इस कारनामों के सपने आ रहे हैं।

जनाठे का कहना है कि जिले की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अब तक कई प्रयास किए जा चुके हैं। लेकिन एक लंबे अर्से से बेपटरी पर चल रही व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि सफेद वदीधारी वसूली अभियान में मदमस्त हैं।



जनाठे के ट्वीट ने शिंदे फडणवीस सरकार के भ्रष्टाचार खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों के दावों की पोल खोल कर रख दी है। जनाठे के ट्वीट को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। लोगों का कहना है कि भाजपा नेता की पीड़ा बताने के लिए काफी है कि आम लोगों के क्या हाल है? संतोष जनाठे ने कहा की जिले भर में सभी प्रमुख नाकों पर ट्रैफिक पुलिस जमकर लोगों से वसूली कर रही है। भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों पर कार्रवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक तरफ जनसंवाद अभियान चलाकर जनता और पुलिस के बीच दूरियां कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऐसे में ट्रैफिक पुलिस के भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मी जनता और पुलिस के बीच खाई खोदने के काम में लगे हैं।

चालान की आड़ में कई बार ट्रैफिक कर्मियों पर अवैध वसूली के आरोप लगते रहे हैं। यही कारण है कि सामान्य व्यक्ति नियमों का पालन करने की ओर ज्यादा ध्यान नहीं देते। जिले में नए ट्रैफिक विभाग की स्थापना के बाद लोगों को विश्वास था कि उन्हें ट्रैफिक के जंजाल में फंसने से मुक्ति मिलेगी। और व्यवस्था में परिवर्तन होगा लेकिन हुआ ठीक इसके विपरीत। जिससे एक बार पुनः आम जनता की उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है।




# राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने किया सर जीवाजी राव सिंधिया म्यूजियम का अवलोकन

## कलाकारों का उत्साहवर्धन और कलाकृतियों की सराहना की

**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज अपने ग्वालियर प्रवास के दौरान सर स्व. जीवाजीराव सिंधिया म्यूजियम का अवलोकन किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया थे। जल संसाधन मंत्री एवं मिनिस्टर इन वेटिंग तुलसी सिलावट, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मंत्रि-परिषद के अन्य सदस्यों एवं सांसद विवेक नारायण शेजवलकर आदि ने राष्ट्रपति मती मुर्मु का स्वागत किया।

म्यूजियम आगमन पर राष्ट्रपति मती मुर्मु का लोक एवं शास्त्रीय नर्तकों ने परंपरागत तरीके से स्वागत किया। राष्ट्रपति मती मुर्मु ने महाराजा जीवाजीराव सिंधिया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प अर्पित किए। राज्यपाल पटेल



और मुख्यमंत्री चौहान ने भी पुष्पांजलि दी।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनकी धर्मपत्नी मती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने राष्ट्रपति मती मुर्मु को समृद्धशाली और गौरवशाली मराठा इतिहास के बारे में उन्हें बताया। साथ ही मानचित्र के जरिये वर्ष 1758 में मराठा साम्राज्य के विस्तार की जानकारी दी। राष्ट्रपति ने मराठा इतिहास और संस्कृति से जुड़ी कलाकृतियों को देखा। राष्ट्रपति मती मुर्मू ने संग्रहालय के अवलोकन के दौरान स्कूली बच्चों से भेंट कर उन्हें टॉफी बाँटी तथा बातचीत की। दिव्यांग बालक से भी उन्होंने बातचीत की। उन्होंने दरबार हॉल में गणमान्य नागरिकों से भी बातचीत की।

राष्ट्रपति मती मुर्मु ने संग्रहालय में लोक कला एवं शिल्प प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। लोक कलाकारों से उनके कला-शिल्पों और कला के बारे में जानकारी प्राप्त की। हैंडलूम पर साड़ी बुन रहे बुनकर, लोक-चित्रकार, लकड़ी की कलाकृतियाँ, माटी के बर्तन बनाने वाले कलाकार की कलाकृतियों की सराहना की, पिछले 60 वर्षों से सिंधिया राजवंश की पगड़ी बांधने वाले कलाकार मोहम्मद रफीक अहमद से भेंट कर उसकी कला को भी सराहा। राष्ट्रपति मती मुर्मु ने टेराकोटा व्हील पर मिट्टी के बर्तन बना रहे छैलन बिहारी प्रजापति और कालीन बुनकर राकेश सविता से भी भेंट की।

# रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान, 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी खरीदेगा भारत, रक्षा मंत्रालय ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान और 3 स्कॉर्पीन पनडुब्बी खरीदेगा। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल लड़ाकू विमान और तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पारंपरिक पनडुब्बियां खरीदने की योजना को मंजूरी दे दी है। अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्षा अधिग्रहण परिषद ने भारतीय नौसेना के लिए तीन अतिरिक्त स्कोपीन श्रेणी की पनडुब्बियों के साथ 22 राफेल एमएस और 4 ट्विन सीटर ट्रेनर संस्करणों को मिलाकर 26 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावों को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में मंजूरी दी गई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों ने कहा कि जिन सौदों को डीएसी ने मंजूरी दी है, उनकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा के दौरान किए जाने की संभावना है। पीएम मोदी गुरुवार सुबह फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए हैं। प्रस्तावों के अनुसार, भारतीय नौसेना को चार प्रशिक्षक विमानों के साथ 22 सिंगल सीटेड राफेल समुद्री विमान मिलेंगे। नौसेना इन लड़ाकू विमानों और पनडुब्बियों को तत्काल हासिल करने के लिए दबाव डाल रही है क्योंकि देश भर में सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर सेना को इनकी कमी का सामना करना पड़ रहा है।



# गुरुग्राम पहुंचे केंद्रीय मंत्री अमित शाह

## जी-20 देशों के 2 दिवसीय सम्मेलन में की शिरकत, हरियाणा पुलिस सुधार का स्टॉल देखा

**गुरुग्राम।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा के गुरुग्राम में पहुंचे हैं। वे सेक्टर 83 स्थित हयात रेजीडेंसी में जी-20 के एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा विषय पर आयोजित 2 दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले सुरक्षा विषय पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

अमित शाह ने सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की स्टॉल का भी अवलोकन किया। बता दें कि ये स्टॉल हरियाणा में हुए पुलिस सुधार, पंचकूला में साइबर फोरेंसिक लैब की स्थापना, साइबर हेल्प लाइन 1930, 318 साइबर हेल्प डेस्क, 29 साइबर पुलिस स्टेशन जैसे विषयों पर आधारित है।

गुरुग्राम में गृह मंत्री भारत के 7 प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों से साइबर वालंटियर स्कवॉड को हरी झंडी दिखाने वाले हैं। ये विशेष रूप से चुने गए वालंटियर समाज में साइबर जागरूकता पैदा करने, नुकसानदायक सामग्री की पहचान और उसकी शिकायत करने और समाज को साइबर सुरक्षित बनाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम करेंगे।



### आज मेहमानों के लिए रात्रि भोज

हरियाणा सरकार की ओर से गुरुग्राम में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन भी किया जाएगा। गुरुग्राम में 20 देशों, 9 विशेष आमंत्रित देशों, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी लोगों, भारत और दुनियाभर के डोमेन विशेषज्ञों सहित 900 से अधिक प्रतिभागी पहुंचेंगे। सम्मेलन के लिए विदेशी मेहमानों का आगमन आरंभ हो चुका है।

### प्रदेश के परंपरागत व्यंजन भी मेन्यू में शामिल

वहीं आज रात्रिभोज में मेहमानों के लिए हरियाणवी कलाकारों की प्रस्तुति के साथ प्रदेश के परंपरागत व्यंजन भी मेन्यू में शामिल किए गए है। वहीं कार्यक्रम स्थल पर आयोजित होने वाले प्रदर्शनी में हरियाणा सरकार की ओर से साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में चलाए गए उल्लेखनीय कार्यक्रम व उपलब्धियां भी डिस्पले की गई है।

# राजस्व एवं परिवहन मंत्री राजपूत ने राहतगढ़ के अमरनाथ यात्रियों को फोन कर पूछा हालचाल

## भूस्खलन में फंसने की जानकारी मिलते ही श्रीनगर के अफसरों से की बात

**सागर, × बाबा अमरनाथ की यात्रा पर गए सागर जिले के सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ से 7 यात्रियों के भूस्खलन में फंसे होने की जानकारी मिलते ही राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने तुरंत यात्रियों से फोन पर बातचीत कर उनका हालचाल पूछा और उनकी व्यवस्था के संबंध में श्रीनगर के अधिकारियों से बात की।**

दरअसल राहतगढ़ के सत्येंद्र जैन, सतीश सैनी, राजकुमार चौरसिया, सौरभ चौरसिया, नरेन्द्र भाई विश्वकर्मा, सत्येंद्र विश्वकर्मा, यशवंत कोरी बाबा अमरनाथ की यात्रा में गए थे। यात्रा से लौटते समय सभी यात्री भू- स्खलन में फंस गए थे। सभी को पंखाचौक बेसकैम्प श्रीनगर में सुरक्षित ठहराया गया। उन्होंने इस सम्बंध में सागर जिला प्रशासन के साथ आकाश सिंह राजपूत को अपनी स्थिति की जानकारी दी।

आकाश सिंह राजपूत ने बिना देर किए ही तुरंत राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को उक्त मामले की जानकारी देकर सभी यात्रियों को सुरक्षित राहतगढ़ लाने का अनुरोध किया। राहतगढ़ के यात्रियों के भू- स्खलन में फंसे होने की जानकारी मिलते ही राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने पहले श्रीनगर के स्थानीय अफसरों से बात कर सभी सातों यात्रियों की सुरक्षित मध्यप्रदेश वापसी के प्रबंध करने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने सभी यात्रियों से बात कर उनका हालचाल पूछा। यात्रियों ने परिवहन एवं राजस्व मंत्री श्री राजपूत को बताया कि वापसी का प्रबंध हो गया है, अब उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। सभी जल्द ही राहतगढ़ पहुंच जाएंगे, साथ ही सभी ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एवं आकाश सिंह राजपूत द्वारा तत्परता से सहायता उपलब्ध कराने के लिए आभार जताया।

# अवैध शराब पीने से युवक की मौत

## मृतक की पत्नी का आरोप- शराब पीने के बाद बिगड़ी तबीयत,

*__सागर ।__ बीना के बिलगैया वार्ड में एक युवक की शराब पीने के बाद तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने कहा कि अवैध रूप से शराब बेचने वालों से शराब ली थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।*

*दरअसल, बीना के बिलगैया वार्ड में रहने वाले संजय पिता भोलाराम सक्सेना ( 38 ) की तबीयत खराब होने के बाद परिजन जब उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पूजा सक्सेना ने आरोप लगाते हुए कहा कि शराब पीने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई।*

*नई सब्जी मंडी के पास अवैध रूप से शराब बेचने वालों से पति ने शराब ली थी। उसी के बाद उनकी तबीयत बिगड़ना शुरू हो गई। इसके बाद उनकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।*

# सागर में चाकू की नोक पर लूट करने वाले गिरफ्तार

## चेन और अंगूठी लेकर भागे, CCTV कैमरों की मदद से पुलिस ने पकड़ा

**सागर ।** गोपालगंज थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर लूट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूट में गया माल बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 9 जुलाई को फरियादी अभिषेक पुत्र गोपालप्रसाद चौबे निवासी ग्राम खैराना हाल मुकाम पुष्पविहार कालोनी सागर ने गोपालगंज थाने में शिकायत की थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 406 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जांच के दौरान पुलिस ने फरियादी अभिषेक से पूछताछ की।

जिसमें उसने बताया कि 8 जुलाई की सुबह करीब 10.30 बजे वह अपने गांव खैराना से पुष्पविहार कालोनी स्थित घर जा रहा था। तभी तिली चौराहा पर गाड़ी की बैटरी डिस्चार्ज हो गई और गाड़ी बंद हो गई। आसपास से कुछ लोग मदद के लिए आए। जिन्होंने फरियादी की गाड़ी की बैटरी ठीक करने में मदद की। इसी दौरान एक युवक फरियादी से बोला कि गले में पहनी सोने की चेन व हाथ की अंगूठी दे दो। वहीं दूसरा व्यक्ति चाकू दिखाकर धमकाने लगा। इसी दौरान एक अन्य आरोपी ने सोने की चेन व अंगूठी छीन ली। फरियादी ने गहने वापस मांगे तो उन्होंने नहीं दिए। जिस पर अभिषेक ने गोपालगंज थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस जांच में उक्त मामला धारा 406 का न होकर धारा 392.506 का होना पाया गया।

जिस पर पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। गोपालगंज थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान संदिग्धों के नाम सामने आए।

### वक्फ कब्रिस्तान मोज़ा खोजनपुर नर्मदापुरम प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष बने आमिर खान

**नर्ममदापुरम ।** मप्र वक्फ बोर्ड भोपाल के सीईओ द्वारा जारी आदेश में वक्फ कब्रिस्तान प्रबंधन हेतु आमिर खान पिता महबूब खान को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।साथ ही वक्फ कब्रिस्तान के प्रबंधन हेतु प्रबंध समिति के गठन के आदेश भी जारी किए गए हैं, जिसमें शमशेर खान उपाध्यक्ष, शाबाज खान सचिव, फरहान खान कोषाध्यक्ष तथा सलमान अली शाहरुख अली को सदस्य नियुक्त किया गया है।इस मौके पर प्रबंध कमेटी के लोगो को भाजपा नेता आमीन राईन, शेख जावेद,अलीम राईन,हाजी शेख रशीद,मुन्ना पठान,राजा राईन,अल्ताफ अली रूवेश पठान, रहमान खान, सलीम खान,शाहिव खान,आदि सामाजिक लोगों ने बधाई दी । और वक्फ बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष सनबर पटेल साहब का आभार व्यक्त किया।



# लाडली बहना योजना के तहत सीमा को मिला 1 हजार रुपए



**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई गई मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत प्रदेश के समस्त जिलों के पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के बकहो निवासी श्रीमती सीमा केवट को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत उनके खाते में ?1000 की राशि प्रदान की गई है, इससे उनके चेहरे में खुशी आई और श्रीमती सीमा नायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है और मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत हमें जो ?1000 प्रदान किया गया है उससे हमारी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होंगी हमें किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं होगी इसके लिए मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान तथा जिला प्रशासन को धन्यवाद देती हूं।

### युवाओं ने पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भेंट किया तुलसी का पौधा

**उमरिया ।** पौधारोपण महा अभियान संकल्प पांच हजार पौधारोपण के तहत जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर तुलसी का पौधा भेंट किया। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार सिन्हा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पौधारोपण अभियान अति सराहनीय अभियान है।इस पौधारोपण में हम सभी को जोड़कर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।

# अब 21 वर्ष की विवाहित बहनों को भी मिलेगा लाडली बहना योजना का लाभः ज्योति

## महिला मोर्चा महामंत्री ने की लाभ उठाने की अपील

**कोतमा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री लाडली बहना । योजना के लाभ से अभी तक वंचित विवाहित बहनों के लिए 25 जुलाई 2023 से फिर से आवेदन भरे जाने की घोषणा की है। भाजपा महिला मोर्चा अनूपपुर की महामंत्री ज्योति सोनी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अब मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत 21 वर्ष की विवाहित बहने भी आवेदन कर सकेंगी। साथ ही ट्रैक्टर मालिक परिवार की बहनों को भी योजना का लाभ मिलेगा।



उन्होंने योजना के लाभ से अभी तक वंचित जिले की सभी पात्र विवाहित बहनों से अपना आवेदनअपने क्षेत्र के नगरीयनिकाय या ग्राम पंचायत में 25 जुलाई 2023 से भरने का आग्रह किया है। महिला मोर्चा जिला महामंत्री ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में पूरे देश में मिसाल बनकर उभरी है। योजना के तहत मध्यप्रदेश में अभी तक सवा करोड़ विवाहित बहनों को हर महीने की 10 तारीख को 1000 रूपए का भुगतान बैंक खाते के माध्यम से सीधे प्राप्त हो रहा है। योजना से अभी तक मध्यप्रदेश की सवा करोड़ महिलाएं लाभांवित हो रही थी, आगे यह आंकड़ा और भी बढ़ने वाला है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार विवाहित बहनों को हर महीने मिलने वाली राशि आगे क्रमशः बढ़ेगी जिसे 3000 रूपए तक करने का लक्ष्य है।महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती सोनी ने कहा है कि जिन बहनों के लाडली बहना योजना के आवेदन नहीं भरे गए हैं या 1 जिनके आवेदन रिजेक्ट हो गए हैं उन सभी से से आग्रह है कि अपने- अपने बैंकों से केवाईसी कराके समग्र आईडी, आधार कार्ड कम्प्लीट करा लें। 25 जुलाई से पुनः आवेदन भरे जाने है ताकि भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की लाडली बहना योजना लाभ आप में सभी को मिल सके।




# सारा अली खान ने बांद्रा की सड़क पर घूम-घूमकर किया ऐसा काम... लोग बोले- कौन कहेगा की नवाबों के परिवार से है



सारा अली खान सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। वह आज की जनरेशन की एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिनकी सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फैन फॉलोइंग है। वह फिल्मी पर्दे पर अपने अभिनय से तो फैंस को इम्प्रेस करती ही हैं, लेकिन इसके साथ ही वह अपने 'नमस्कार दर्शकों' बोलने के अंदाज से भी अपने चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं। सारा अली खान को उनकी फिल्मों से ज्यादा उनके डाउन टू अर्थ नेचर के लिए फैंस प्यार करते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह बांद्रा की सड़कों पर घूम रही हैं। उनके अंदाज को देख फैंस भी हैरान रह गए हैं। सारा अली खान के इस वीडियो को सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में ब्लैक शॉर्ट्स और टी-बैक टीशर्ट में सारा अली खान मस्त होकर बांद्रा की सड़कों पर अपनी एक दोस्त के साथ घूमती हुईं नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने बांद्रा के लिंकिंग रोड से अपनी दोस्त के साथ स्ट्रीट शॉपिंग भी की। वह वीडियो में स्ट्रीट पर लगी हुई शॉप पर जाकर कपड़े देख रही हैं। स्टारकिड सारा अली खान को देखकर आसपास के लोग हैरान रह गए, लेकिन वह अपनी मस्ती में नजर आईं और उनके चेहरे से साफ लगा कि वह इस समय को खुलकर एन्जॉय कर रही हैं।

# मनीषा कोइराला की दो साल में ही टूट गई थी शादी, अब खल रही पार्टनर की कमी!



'महाराजा', 'मन' और 'दिल से' जैसी फिल्मों में अपनी अदायगी दिखा चुकीं मनीषा कोइराला 90 के दशक की सबसे चर्चित एक्ट्रेस हुआ करती थीं। आज भी फिल्मों में उनका चार्म देखने को मिलता है, लेकिन लाइमलाइट से वह थोड़ी दूरी बनाकर चलती हैं। मनीषा ने प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियां बटोरी है। मनीषा कोइराला का इंडस्ट्री से जुड़ी कई चर्चित शख्सियत के साथ नाम जुड़ा। साल 2010 में एक्ट्रेस ने लाखों चाहने वालों का दिल तोड़ नेपाल के बिजनेसमैन सम्राट दहल से शादी कर ली थी, लेकिन दुर्भाग्य से उनका रिश्ता दो साल में ही टूट गया था। 2012 में पति से अलग होने के बाद मनीषा अकेले अपनी जिंदगी बिता रही हैं।

# शाहरुख ने पूरी की फैन की इच्छा

शाह रुख खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म जवान की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का प्रीव्यू जारी किया गया था। वहीं, अब उन्होंने फैंस के साथ ट्विटर पर आस्क एसआरके सेशन किया, जहां फैंस ने उनसे कई दिलचस्प सवाल पूछे और किंग खान ने भी मजेदार जवाब दिए।



शाह रुख खान अपनी पिछली रिलीज फिल्म पठान के वक्त से फैंस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने पठान के ट्रेलर रिलीज के बाद भी ट्विटर पर AskSRK सेशन किया था। अब उन्होंने 13 जुलाई को जवान के प्रीव्यू रिलीज के बाद फिर Ask SRK किया।
इस सवाल को सुनते ही शाह रुख खान को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने वादा किया कि AskSRK सेशन खत्म होते ही वो तुरंत जवान का नया नया पोस्टर रिलीज करेंगे।
शाह रुख खान ने अपना वादा पूरा किया और सेशन के खत्म होने के ही तुरंत जवान का नया पोस्टर जारी कर दिया। पोस्टर में एक्टर बाल्ड लुक में एक हाथ में बंदूक और दूसरे हाथ में मशीन गन लिए दिख रहे हैं। किंग खान इस लुक बेहद डेंजेरस लग रहे हैं।

# 'गदर 2' में सनी के साथ काम करना अद्भुत अनुभव : अमीषा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री अमीषा पटेल का कहना है कि गदर 2 में सन्नी देओल के साथ काम करना उनके लिये अद्भुत अनुभव रहा है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदरः एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदरः एक प्रेम कथा' की सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी नजर आयेगी। सनी देओल के साथ फिर से काम करने के बारे में पूछे जाने पर अमीषा ने कहा, "सनी के साथ काम करना अधिक सुंदर, अधिक अद्भुत रहा। उनके साथ काम करना अधिक मजेदार हैं, मैं कह सकती हूं कि अब हम पहले से बेहतर दोस्त हैं। मुझे लगता है कि सनी वास्तव में अधिक अद्भुत व्यक्ति बन गए हैं। 'गदर 2 ,11 अगस्त को रिलीज होगी। इस फिल्म में सनी और अमीषा के साथ उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर, लव सिन्हा नजर आएंगे।



# टमाटर की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं सुनील शेट्टी

**देश** में पिछले कुछ दिनों से टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। इसका असर आम इंसान पर ही नहीं सेलिब्रिटी पर भी पड़ रहा है, जी हां टमाटर को लेकर सुनील शेट्टी ने भी अपना दर्द बयां किया है। टमाटर की बढ़ती कीमत से सुनील शेट्टी परेशान हैं। एक्टर जो एक रेस्टारांट के मालिक भी हैं, सुनील शेट्टी ने एक नए इंटरव्यू में कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी के कारण उन्हें टमाटर की खरीद पर समझौता करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। एक्टर ने यह भी कहा कि वह अपने खंडाला फार्महाउस में अलग अलग फल और सब्जियां उगाते हैं।



सुनील शेट्टी ने बताया, "मेरी पत्नी माना केवल एक या दो दिन के लिए सब्जियां खरीदती है, हम ताजा उपज खाने में विश्वास करते हैं। आजकल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं और इसका असर हमारी रसोई पर भी पड़ा है। आजकल मैं टमाटर कम खाता हूं। लोग सोच सकते हैं कि क्योंकि मैं सुपरस्टार हूं, इसलिए ये चीजें मुझ पर असर नहीं करेंगी। लेकिन यह सच नहीं है, हमें ऐसे मुद्दों से भी निपटना होगा।" सुनील ने यह भी कहा कि उन्होंने ऐप से फल और सब्जियां खरीदने का विकल्प क्यों चुना और टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी पर अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा, ?यदि आप इन ऐप्स पर कीमतों को देखेंगे, तो आप चौंक जाएंगे। वे सभी दुकानों और बाजारों की तुलना में सस्ते हैं। मैं ऐप से ऑर्डर करता हूं, लेकिन इसलिए नहीं कि यह सस्ता है, बल्कि इसलिए क्योंकि वे ताजा उपज बेचते हैं।? मैं एक रेस्टारांट मालिक भी हूं, और मैंने हमेशा सर्वोत्तम कीमतों के लिए मोलभाव किया है। लेकिन टमाटर की बढ़ती कीमतों के साथ, लोगों को स्वाद और क्वालिटी से समझौता करना पड़ा है। मुझे भी करना पड़ा है।"

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .